ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

बुलेटिन संख्या–87
दिनांकः शुक्रवार, 13 नवम्बर, 2026

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन केअनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 29.63 एवं 15.5 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 58 प्रतिशत, हवा की औसत गति 3.5 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 2.6 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 5.2 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5से0मी0 गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 24.3 एवं दोपहर में 29.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि मौसम शुष्क रहा है।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(14–18 नवम्बर, 2026)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 14 से 18 नवम्बर, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमान अवधि के दौरान उत्तर बिहार के जिलों में मौसम के साफ एवं शुष्क रहने की संभावना है।
- इस दौरान अधिकतम तापमान 27–33°C तथा न्यूनतम तापमान 17–20°C के बीच रहने का अनुमान है।
- सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 80–85% तथा दोपहर के समय 40–45% रहने की संभावना है।
- पूर्वानुमान अवधि के दौरान मुख्यतः पछिया हवा 2–5 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलने की संभावना है।

समसामयिक सुझाव

- गेहूँः गेहूँ की बुआई के लिए अनुकूल तापमान आ गया है। किसानों को इस की बुआई करने की सलाह दी जाती है। सिंचित एवं समय पर बुआई के लिए अनुशंसित किस्में *राजेन्द्र गेहूँ*–4 (बायोफोर्टिफाइड), *डी.बी.डब्ल्यू.*–187, *एच.डी.*–2967, *डी.बी.डब्ल्यू.*–252 (आर.आई.), *डी.बी.डब्ल्यू.*–222 तथा *राजेन्द्र गेहूँ*–3 (बायोफोर्टिफाइड) हैं। सीड ड्रिल से बुआई के लिए 100 किग्रा तथा छिटकवाँ विधि से 125 किग्रा बीज प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। बुआई की गहराई 5–6 सेमी रखें तथा बीजों को विटावैक्स या बाविस्टिन 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से उपचारित करें। उर्वरक के रूप में 120 किग्रा नाइट्रोजन, 20 किग्रा स्फुर तथा 40 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें। नाइट्रोजन की आधी तथा स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुआई के समय दें। शेष नाइट्रोजन दो बराबर भागों में पहली सिंचाई के बाद तथा गाभा अवस्था में दें।
- मसूरः किसानों को मसूर की बुआई जारी रखने की सलाह दी जाती है। इसके लिए 6.5–8.0 पीएच मान वाली एवं अच्छी जल निकास क्षमता वाली मिट्टी उपयुक्त है। उत्तर बिहार के लिए अनुशंसित किस्में *मल्लिका* (के–75), *अरुण* (पी.एल.–77–12), *के. एल.एस.*–218, *एच.यू.एल.*–57, *डब्ल्यू.बी.एल.*–77 एवं *पी.एल.*–5 हैं। बुआई से 2–3 दिन पहले बीजों को कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम प्रति किग्रा बीज तथा क्लोरपायरीफॉस 2–4 मिली प्रति किग्रा बीज से उपचारित करें। इसके बाद राइजोबियम कल्चर के 5 पैकेट प्रति हेक्टेयर से उपचारित कर बुआई करें। छोटे दाने वाली किस्मों के लिए 30–35 किग्रा तथा बड़े दाने वाली किस्मों के लिए 40–45 किग्रा बीज प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें। 20 किग्रा नाइट्रोजन, 45 किग्रा स्फुर, 20 किग्रा पोटाश एवं 20 किग्रा गंधक प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें।
- राजमा : राजमा की बुआई जारी रखें। अनुशंसित किस्में *उदय* (*पी.डी.आर.*–14), *अम्बर* (*आई.आई.पी.आर.*–96–4) एवं *उत्कर्ष* (आई.पी.आर.–98–5) हैं। बुआई के समय 30 × 10 सेमी की दूरी रखें तथा बीजों को कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज से उपचारित करें। प्रति हेक्टेयर 100 किग्रा नाइट्रोजन, 50 किग्रा स्फुर, 30 किग्रा पोटाश एवं 20 किग्रा गंधक प्रयोग करें। नाइट्रोजन की आधी तथा स्फुर, पोटाश एवं गंधक की पूरी मात्रा बुआई के समय दें। शेष नाइट्रोजन दो बराबर भागों में पहली एवं दूसरी सिंचाई के बाद दें। जिंक की कमी वाली मिट्टी में जिंक सल्फेट 25 किग्रा प्रति हेक्टेयर का प्रयोग करें।
- मूलीः वर्तमान समय मूली की खेती के लिए उपयुक्त है। अनुशंसित किस्में *काशी हंस, काशी लोहित, जौनपुरी जायंट, पालम हृदय, काशी श्वेता, पंजाब अगेती, स्कारलेट लॉन्ग, पूसा चेतकी, पूसा देसी, पूसा हिमानी, पूसा रश्मि, जापानी व्हाइट, जौनपुरी, व्हाइट आइसीकल, पंजाब सफेद, चाइनीज पिंक, हिसार मूली नं.*–1 एवं *अर्का निशांत* हैं। 7–8 किग्रा प्रति हेक्टेयर बीज दर से बुआई करें तथा 30 × 10 सेमी की दूरी रखें। खेत की तैयारी के समय 150–200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद के साथ 60 किग्रा नाइट्रोजन, 40 किग्रा स्फुर एवं 40 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें।
- लहसुनः वर्तमान मौसम लहसुन की बुआई के लिए अनुकूल है। एक हेक्टेयर में बुआई के लिए 300–500 किग्रा लहसुन की जावा की आवश्यकता होती है। 15 × 10 सेमी की दूरी रखें। उत्तर बिहार के लिए अनुशंसित किस्में *यमुना सफेद*–1, *यमुना सफेद*–2, *एग्रीफाउंड* (*जी*–41), *श्वेता* (*सिलेक्शन*–10), *एग्रीफाउंड पार्वती* (*जी*–313), *यमुना सफेद*–4 एवं *राजेन्द्र लहसुन*–1 हैं। अच्छी वृद्धि एवं उपज के लिए 200–250 क्विंटल कम्पोस्ट, 100 किग्रा नाइट्रोजन, 60 किग्रा स्फुर, 80 किग्रा पोटाश एवं 20–40 किग्रा गंधक प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें।

आज का अधिकतम तापमानः 28.0 डिग्री सेल्सियस, जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम	आज का न्यूनतम तापमानः 15.6 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम

(डॉ0 ए. सत्तार)
वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी